विषय कोड : 
Subject Code : **106**

106- 0133755
प्रश्न पुस्तिका क्रमांक
Question Booklet Serial No.

# SECONDARY SCHOOL EXAMINATION - 2022

# माध्यमिक स्कूल परीक्षा - 2022

## ( ANNUAL / वार्षिक )

प्रश्न पुस्तिका सेट कोड
Question Booklet Set Code
**E**

## SIL - HINDI ( NLH )

## द्वितीय भारतीय भाषा - हिन्दी

कुल प्रश्नों की संख्या : 100 + 6 = 106
**Total No. of Questions : 100 + 6 = 106**

कुल मुद्रित पृष्ठों की संख्या : 32
**Total No. of Printed Pages : 32**

(समय : 3 घंटे 15 मिनट)
[ Time : 3 Hours 15 Minutes ]

(पूर्णांक : 100)
[ Full Marks : 100 ]

---

*परीक्षार्थियों के लिये निर्देश :*

1. ***परीक्षार्थी OMR उत्तर पत्रक पर अपना प्रश्न पुस्तिका क्रमांक ( 10 अंकों का) अवश्य लिखें।***
2. *परीक्षार्थी यथासंभव अपने शब्दों में ही उत्तर दें।*
3. *दाहिनी ओर हाशिये पर दिये हुए अंक पूर्णांक निर्दिष्ट करते हैं।*
4. *प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़ने के लिए परीक्षार्थियों को 15 मिनट का अतिरिक्त समय दिया गया है।*
5. *यह प्रश्न पुस्तिका दो खण्डों में है — **खण्ड-अ** एवं **खण्ड-ब**।*
6. ***खण्ड-अ** में 100 वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं, जिनमें से **किन्हीं 50 प्रश्नों का उत्तर देना अनिवार्य है।** पचास से अधिक प्रश्नों के उत्तर देने पर प्रथम 50 उत्तरों का ही मूल्यांकन किया जाएगा। प्रत्येक प्रश्न के लिए **1** अंक निर्धारित है। सही उत्तर को उपलब्ध कराये गये **OMR** उत्तर पत्रक में दिये गये सही विकल्प को नीले / **काले बॉल पेन से प्रगाढ़ करें। किसी भी प्रकार के ह्वाइटनर/ तरल पदार्थ / ब्लेड / नाखून आदि का OMR उत्तर-पुस्तिका में प्रयोग करना मना है, अन्यथा परीक्षा परिणाम अमान्य होगा।***
7. ***खण्ड - ब में 6 विषयनिष्ठ प्रश्न हैं ।***
8. *किसी प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक उपकरण का प्रयोग पूर्णतया वर्जित है ।*



BiharboardQuestionpaper.com

## खण्ड - अ

### वस्तुनिष्ठ प्रश्न

**प्रश्न संख्या 1 से 100 तक के प्रत्येक वस्तुनिष्ठ प्रश्न के साथ चार विकल्प दिए गए हैं जिनमें से कोई एक सही है । इन 100 प्रश्नों में से किन्हीं 50 प्रश्नों के अपने द्वारा चुने गए सही विकल्प को OMR उत्तर-पत्रक पर चिह्नित करें ।** **50 × 1 = 50**

1. 'उपदेश' शब्द में उपसर्ग है

(A) उ (B) उप

(C) प (D) उपदे

2. 'दूध' शब्द है

(A) तत्सम (B) देशज

(C) तद्भव (D) विदेशज

3. उपसर्ग वह शब्दांश है जो किसी शब्द के .......... जोड़ा जाता है ।

(A) पश्चात् (B) मध्य

(C) नीचे (D) पूर्व

4. 'सुगम' शब्द का विलोम है

(A) दुर्गम (B) दुर्गंध

(C) दुर्बल (D) दुर्नाम



BiharboardQuestionpaper.com

5. 'जो शाक आहार करता है' – के लिए एक शब्द है

(A) फलाहारी (B) शाकाहारी

(C) मांसाहारी (D) इनमें से कोई नहीं

6. जो संज्ञा या सर्वनाम की विशेषता बताए, उसे कहते हैं

(A) क्रिया (B) लिंग

(C) विशेषण (D) शब्द

7. 'म' का उच्चारण-स्थान क्या है ?

(A) तालु (B) मूर्द्धा

(C) दंत (D) ओष्ठ

8. 'महेश नदी में डूब गया' – किस पदबंध का उदाहरण है ?

(A) संज्ञा पदवंध (B) विशेषण पदबंध

(C) सर्वनाम पदवंध (D) क्रिया पदबंध

9. 'पाप-पुण्य' कौन समास है ?

(A) द्वंद्व समास (B) तत्पुरुष समास

(C) अव्ययीभाव समास (D) बहुव्रीहि समास



BiharboardQuestionpaper.com

10. लोगों ने चोर को मारा । इस वाक्य में 'को' किस कारक का चिह्न है ?

(A) अपादान कारक का (B) कर्म कारक का

(C) करण कारक का (D) सम्प्रदान कारक का

11. राज्य स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में प्रतिभागी बनकर जमालपुर कौन गई ?

(A) कदम (B) सोनी

(C) जैनब खानम (D) इनमें से कोई नहीं

12. कर्पूरी ठाकुर को विपक्ष के नेता पद से कब हटाया गया ?

(A) 10 अगस्त 1982 ई० को (B) 5 अगस्त 1980 ई० को

(C) 12 अगस्त 1987 ई० को (D) 4 अगस्त 1986 ई० को

13. 'चिकित्सा का चक्कर' शीर्षक पाठ में डॉक्टर साहब लेखक को किस दुकान से दवा मँगाने की बात कहे ?

(A) बिंदु फार्मेसी से (B) नीलिमा फार्मेसी से

(C) स्वयंप्रभा फार्मेसी से (D) चंद्रकला फार्मेसी से



BiharboardQuestionpaper.com

14. कितने साल के युद्ध के बाद भी कलिंग नहीं जीता जा सका ?

(A) चार साल (B) पाँच साल

(C) छह साल (D) सात साल

15. 'ईदगाह' शीर्षक पाठ में सभी खिलौने कितने पैसे के हैं ?

(A) तीन-तीन पैसे के (B) दो-दो पैसे के

(C) चार-चार पैसे के (D) एक-एक पैसे के

16. 'ग' का उच्चारण-स्थान क्या है ?

(A) तालु (B) मूर्द्धा

(C) कंठ (D) दंत

17. 'महौषध' का संधि-विच्छेद है .

(A) म + औषध (B) महौ + षध

(C) महौष + ध (D) महा + औषध

18. निम्न में अशुद्ध शब्द कौन है ?

(A) ज्योत्सना (B) दीपिका

(C) पुर्व (D) नवाब



BiharboardQuestionpaper.com

19. 'अकूबर' कौन संज्ञा है ?

(A) व्यक्तिवाचक
(B) जातिवाचक
(C) भाववाचक
(D) समूहवाचक

20. 'आयु' शब्द कौन लिंग है ?

(A) स्त्रीलिंग
(B) पुंलिंग
(C) उभयलिंग
(D) इनमें से कोई नहीं

21. "जमीं के पेट में पली अगन, पले हैं जलजले टिके न टिक सकेंगे भूख रोग के स्वराज्य ये" — यह पंक्ति किस कविता से है ?

(A) ईदगाह
(B) कर्मवीर
(C) बालगोबिन भगत
(D) तू जिन्दा है तो

22. 'ईदगाह' कहानी के रचयिता कौन हैं ?

(A) प्रेमचन्द
(B) बंशीधर श्रीवास्तव
(C) कबीरदास
(D) मो० इकबाल



BiharboardQuestionpaper.com

23. 'कर्मवीर' कविता कैसे लोगों की बात करती है ?

(A) आलसी लोगों की
(B) कर्मशील लोगों की
(C) निकम्मे लोगों की
(D) वाचाल लोगों की

24. 'बालगोबिन भगत' शीर्षक पाठ साहित्य की कौन विधा है ?

(A) शब्दचित्र
(B) संस्मरण
(C) यात्रावृत्तांत
(D) रेखाचित्र

25. 'साध्य की पवित्रता एवं महत्ता तभी है जब उसका साधन भी महान हो' — यह किसका कथन है ?

(A) महात्मा गाँधी का
(B) भीमराव अंबेदकर का
(C) राजा राममोहन राय का
(D) ईश्वरचंद्र विद्यासागर का

26. सिरचन को लोग क्या समझते हैं ?

(A) लालची
(B) धोखेबाज
(C) कंजूस
(D) चटोर

27. 'दूर दुनिया का मेरे दम से अंधेरा हो जाए' — यह पंक्ति किस कविता की है ?

(A) बच्चे की दुआ
(B) तू जिन्दा है तो .....
(C) कर्मवीर
(D) बिहारी के दोहे



BiharboardQuestionpaper.com

28. 'अशोक का शस्त्र-त्याग' शीर्षक एकांकी क्या शिक्षा देती है ?

(A) अशांति की (B) शांति की

(C) विद्रोह की (D) युद्ध की

29. लेखक रामधारी सिंह दिनकर के घर के दाहिने कौन रहते हैं ?

(A) वकील (B) डॉक्टर

(C) आदेशपाल (D) सैनिक

30. 'तेरा मेरा मनुआँ कैसे इक होई रे' – यह पंक्ति किस कविता की है ?

(A) पीपल (B) सुदामा चरित

(C) झाँसी की रानी (D) कबीर के पद

31. सरकारी अस्पताल के डॉक्टर किस सवारी से आए ?

(A) रिक्शा पर (B) मोटरकार से

(C) इक्के पर (D) बैलगाड़ी पर

32. लोगों ने किसे नहाने-धोने से मना किया, आराम करने को कहा ?

(A) सिरचन को (B) कसारा को

(C) खेमा को (D) बालगोबिन भगत को



BiharboardQuestionpaper.com

33. 'ठेस' शीर्षक कहानी में कहाँ की लोक संस्कृति का प्रभावी वर्णन है ?

(A) मिथिलांचल की
(B) उत्तरांचल की
(C) सीमांचल की
(D) उत्तराखण्ड की

34. "मुझे अपने पिता का बदला लेना है" — यह किसने कहा ?

(A) सलमा ने
(B) पद्मा ने
(C) अशोक ने
(D) सैनिक ने

35. 'विवेकानन्द-सोसायटी' के विद्वान संन्यासियों के साथ निम्न में से कौन जाया करते थे ?

(A) पंतजी
(B) दिनकरजी
(C) निरालाजी
(D) प्रसादजी

36. 'मुक्ताकाशी' होटल के छींका में कितने गिलास रखे हुए हैं ?

(A) दो-चार
(B) पाँच-छह
(C) सात-आठ
(D) आठ-दस



BiharboardQuestionpaper.com

37. 'खेमा' की लम्बाई क्या थी ?

(A) लगभग साढ़े तीन फुट
(B) लगभग साढ़े पाँच फुट
(C) लगभग छह फुट
(D) लगभग साढ़े चार फट

38. खूबसूरत और न्यायप्रिय व्यवस्था के निर्माण में किसकी भूमिका अहम् होती है ?

(A) मेहनत की
(B) शिक्षा और संघर्ष की
(C) संघर्ष की
(D) शक्ति की

39. 'ठेस' शीर्षक कहानी में माँ किस कार्य में व्यस्त थी ?

(A) झाड़ू देने में
(B) बरतन धोने में
(C) चावल साफ करने में
(D) पकवान बनाने में

40. उत्प्रेरण केन्द्र बंद हो जाने के बाद गुड़िया ने अपना नामांकन कहाँ करवाया ?

(A) गाँव के स्कूल में
(B) दूसरे गाँव के स्कूल में
(C) शहर के विद्यालय में
(D) आवासीय विद्यालय में



BiharboardQuestionpaper.com

41. पेशवा कहाँ कैद थे ?

(A) हरियाणा में (B) बिहार में

(C) लखनऊ में (D) बिठूर में

42. 'चिकित्सा का चक्कर' शीर्षक पाठ साहित्य की कौन विधा है ?

(A) निबंध (B) व्यंग्य

(C) कहानी (D) रेखाचित्र

43. 'चिकित्सा का चक्कर' शीर्षक पाठ में हकीम साहब के सिर पर क्या था ?

(A) हैट (B) रूमाल

(C) गमछा (D) बनारसी लोहे की तरह टोपी

44. कृष्ण-सखा सुदामा भोजन कैसे करते थे ?

(A) भिक्षा माँगकर (B) चोरी करके

(C) मंदिर के दान से (D) खेती करके



BiharboardQuestionpaper.com

45. स्वर्णरेखा नदी कहाँ गिरती है ?

(A) अरब सागर में (B) खम्भात की खाड़ी में

(C) बंगाल की खाड़ी में (D) पाक जलडमरूमध्य में

46. विक्रमशिला विश्वविद्यालय में किसकी प्रतिमा मिली है ?

(A) तुलसीदास की (B) गुरु नानक की

(C) कबीरदास की (D) पद्मपाणि एवं मैत्रेय की

47. स्कूल में संजू को कैसी पुस्तक की तलाश रहती थी ?

(A) चटपटी पुस्तक की (B) विज्ञान की पुस्तक की

(C) गणित की पुस्तक की (D) इतिहास की पुस्तक की

48. 'तोतो-चान' नामक पुस्तक में किसकी कहानी है ?

(A) नेपाली लड़की की (B) जापानी लड़की की

(C) पहाड़ी लड़की की (D) राजस्थानी लड़की की



BiharboardQuestionpaper.com

49. छायावादी कविता की क्या मुख्य विशेषता है ?

(A) मानव चित्रण (B) पशु चित्रण

(C) प्रकृति चित्रण (D) वायु चित्रण

50. प्रकृति के विविध रूपों से आत्मीय परिचय कराने वाली कविता कौन है ?

(A) कबीर के पद (B) झाँसी की रानी

(C) सुदामा चरित (D) पीपल

51. 'विजय' का विशेषण है

(A) विजया (B) विजयी

(C) विजयिवी (D) विजयानी

52. 'रसोईघर' शब्द कौन समास है ?

(A) अव्ययीभाव (B) बहुव्रीहि

(C) तत्पुरुष (D) द्वंद्व



BiharboardQuestionpaper.com

53. 'बरगद और पीपल की घनी छाँव से हमें बहुत सुख मिला' – यह वाक्य किस पदबंध का उदाहरण है ?

(A) क्रिया पदबंध
(B) सर्वनाम पदबंध
(C) संज्ञा पदबंध
(D) विशेषण पदबंध

54. निम्न में शुद्ध वाक्य कौन है ?

(A) यह काम आप पर निर्भर है ।
(B) चरखा कातना चाहिए ।
(C) चाहे जैसे भी हो, तुम वहाँ जाओ ।
(D) मेरे लिए ठंडी बर्फ और गर्म आग लाओ ।

बिहार बोर्ड के नए और पुराने ऑफिसियल क्वेश्चन पेपर, मॉडल पेपर, आंसर-की, पाठ्यक्रम, नोट्स, मॉक टेस्ट, सेंट-अप और प्रैक्टिकल परीक्षा प्रश्न पत्र आदि के लिए...
BiharboardQuestionpaper.com
अभी विजिट करें ..

55. निम्न में संयुक्त वाक्य कौन है ?

(A) वह कौन-सा मनुष्य है, जिसने महात्मा गाँधी का नाम नहीं सुना हो ।
(B) वर्षा होती है ।
(C) मैंने खाना खाया और भूख मिट गयी ।
(D) हम खा चुके ।



BiharboardQuestionpaper.com

56. 'अमृत' का पर्यायवाची है

(A) हय (B) व्योम

(C) स्पृहा (D) पीयूष

57. 'स्वामी' शब्द का विलोम है

(A) सेवक (B) दुष्काल

(C) विषाद (D) अहिंसा

58. 'जो दीनों के बंधु हों' — के लिए एक शब्द है

(A) दीपनाथ (B) दीनबंधु

(C) दयाशंकर (D) दीनदयाल

59. 'उल्लू सीधा करना' मुहावरे का अर्थ है

(A) उल्लू पालना (B) धूर्तता करना

(C) काम निकालना (D) खुशामद करना



BiharboardQuestionpaper.com

60. दो या दो से अधिक पद जब अपने बीच की विभक्ति को छोड़कर नया शब्द बनाते हैं, उसे क्या कहते हैं ?

(A) संधि
(B) समास
(C) क्रिया
(D) अव्यय

61. 'कानन' का पर्यायवाची है

(A) सरिता
(B) झील
(C) जंगल
(D) पेड़

62. 'धोबी का कुत्ता न घर का न घाट का' लोकोक्ति का क्या अर्थ है ?

(A) गदहा बनाना
(B) धीरे-धीरे चलना
(C) पाँव में बीमारी होना
(D) कहीं ठौर ठिकाना न होना

63. 'आलोचना करनेवाला' – के लिए एक शब्द है

(A) आलोचक
(B) आलोचन
(C) आलोचनीय
(D) आलोच्य



BiharboardQuestionpaper.com

64. 'हरि मोहन को मारता है' – किस कारक का उदाहरण है ?

(A) अपादान कारक
(B) कर्म कारक
(C) संबंध कारक
(D) अधिकरण कारक

65. दो वर्णों के मेल से होनेवाले परिवर्तन को क्या कहते हैं ?

(A) समास
(B) अव्यय
(C) क्रिया
(D) संधि

66. 'कौन खा रहा है ?' – किस सर्वनाम का उदाहरण है ?

(A) प्रश्नवाचक सर्वनाम
(B) निजवाचक सर्वनाम
(C) निश्चयवाचक सर्वनाम
(D) संबंधवाचक सर्वनाम

67. 'मैंने गाया' – किस काल का उदाहरण है ?

(A) वर्तमान काल
(B) भूत काल
(C) भविष्यत काल
(D) इनमें से कोई नहीं



BiharboardQuestionpaper.com

68. 'कवि' शब्द का स्त्रीलिंग रूप क्या है ?

(A) कवियत्री
(B) कवियानी
(C) कवयित्री
(D) कवयाइन

69. 'परिच्छेद' का संधि-विच्छेद है

(A) परि + च्छेद
(B) परिच + छेद
(C) परिच्छे + द
(D) परि + छेद

70. 'टिकाऊ' शब्द में प्रत्यय है

(A) आऊ
(B) आउ
(C) उ
(D) ऊ

71. 'ज्वालामुखी' शब्द कौन संज्ञा है ?

(A) व्यक्तिवाचक
(B) भाववाचक
(C) जातिवाचक
(D) समूहवाचक

72. हिंदी में कितने वर्ण हैं ?

(A) 54
(B) 58
(C) 60
(D) 52



BiharboardQuestionpaper.com

73. 'ए, ऐ, ओ, औ' – कौन स्वर हैं ?

(A) ह्रस्व
(B) दीर्घ
(C) संयुक्त
(D) इनमें से कोई नहीं

74. हिंदी में अनुनासिक वर्णों की संख्या कितनी है ?

(A) चार
(B) पाँच
(C) छह
(D) सात

75. 'चवर्ग' का उच्चारण मुँह के किस भाग से होता है ?

(A) तालु से
(B) कंठ से
(C) ओष्ठ से
(D) दंत से

76. निम्न में शुद्ध शब्द कौन है ?

(A) भष्म
(B) ब्रत
(C) मुधर
(D) प्राण

77. 'गगन' शब्द कौन लिंग है ?

(A) पुंलिंग
(B) स्त्रीलिंग
(C) उभयलिंग
(D) इनमें से कोई नहीं



BiharboardQuestionpaper.com

78. 'भिक्षा' शब्द है

(A) तत्सम (B) तद्भव

(C) देशज (D) विदेशज

79. 'धाता' का स्त्रीलिंग रूप है

(A) धाती (B) धात्री

(C) धवित्री (D) धत्रु

80. 'जो कमाएगा, वही खाएगा' – किस सर्वनाम का उदाहरण है ?

(A) निजवाचक सर्वनाम (B) अनिश्चयवाचक सर्वनाम

(C) संबंधवाचक सर्वनाम (D) निश्चयवाचक सर्वनाम

81. खगोल विद्या के क्षेत्र में निम्न में कौन विश्व प्रसिद्ध हैं ?

(A) अतिश दीपंकर (B) हरिभद्र

(C) आर्यभट्ट (D) शांति रक्षित

82. किसने हठ करते हुए कहा कि – "दीदी अपनी डायरी दिखा दो ना" ?

(A) सईदा (B) नीलू

(C) विमला (D) संजू



BiharboardQuestionpaper.com

83. बुलबुल गाती रहती है

(A) रह-रह (B) चह-चह

(C) बह-बह (D) चीं-चीं

84. किनके पास धन अल्पावधि तक ही टिकता था ?

(A) सूर्यकांत त्रिपाठी निराला (B) रामवृक्ष बेनीपुरी

(C) शिवपूजन सहाय (D) प्रेमचंद

85. ग्राहकों को चाय कौन देता था ?

(A) कसारा (B) खेमा

(C) अध्यापक (D) लेखक

86. "उभरी नसोंवाले हाथ घिसे नाखूनोंवाले हाथ पीपल के पत्ते-से नए-नए हाथ" – यह पंक्ति किस कविता की है ?

(A) झाँसी की रानी (B) सुदामा चरित

(C) खुशबू रचते हैं हाथ (D) बच्चे की दुआ

87. कदम किस जिले की निवासिनी थी ?

(A) रोहतास (B) मुंगेर

(C) औरंगाबाद (D) पटना



BiharboardQuestionpaper.com

88. किसने हैजा पीड़ित व्यक्ति को अपने कंधे पर उठाया और करीब पाँच कि०मी० पैदल चलकर उसे अस्पताल पहुँचाया ?

(A) जगन्नाथ मिश्र ने (B) भोला पासवान शास्त्री ने

(C) कर्पूरी ठाकुर ने (D) श्रीकृष्ण सिन्हा ने

89. कर्पूरी ठाकुर आई० ए० की परीक्षा कब पास किए ?

(A) 1944 ई० में (B) 1946 ई० में

(C) 1945 ई० में (D) 1942 ई० में

90. भारतीय स्वतंत्रता संग्राम का अविस्मरणीय अध्याय है

(A) 1857 ई० की क्रांति (B) 1765 ई० की क्रांति

(C) 1526 ई० की क्रांति (D) 1757 ई० की क्रांति

91. 'झाँसी की रानी' शीर्षक कविता के रचयिता कौन हैं ?

(A) सुभद्रा कुमारी चौहान (B) गोपाल सिंह नेपाली

(C) अरूण कमल (D) नरोत्तमदास

92. जाड़े की रात में पहाड़ पर कौन रो रहा है ?

(A) मैना (B) हिरन

(C) तोता (D) खरगोश



BiharboardQuestionpaper.com

93. 'पगा' शब्द का अर्थ क्या है ?

(A) धोती (B) कमीज

(C) पगड़ी (D) पायजामा

94. ऊँचे टीले से वसुधा पर क्या झरती है ?

(A) दूध (B) नदी

(C) घी (D) निर्झरिणी

95. "नाना के संग पढ़ती थी वह नाना के संग खेली थी,

बरछी ढाल कृपाण कटारी उसकी यही सहेली थी" – यह पंक्ति किस शीर्षक कविता की है ?

(A) सुदामा चरित (B) खुशबू रचते हैं हाथ

(C) पीपल (D) झाँसी की रानी

96. डॉ० चूहानाथ कातरजी कहाँ से एफ० आर० सी० एस० किए हुए थे ?

(A) लंदन से (B) अमेरिका से

(C) नेपाल से (D) चीन से



BiharboardQuestionpaper.com

97. "अभी भारतमाता परतंत्रता की पीड़ा से कराह रही है और मैं विद्याभ्यास के लिए अपनी पढ़ाई जारी रखूँ ?" – यह कथन किसका है ?

(A) रवीन्द्रनाथ ठाकुर का
(B) शिवपूजन सहाय का
(C) जननायक कर्पूरी ठाकुर का
(D) रामचन्द्र शुक्ल का

98. 'आजाद दस्ता' का गठन किसके द्वारा किया गया था ?

(A) बाल गंगाधर तिलक द्वारा
(B) लाल बहादुर शास्त्री द्वारा
(C) विपिनचन्द्र पाल द्वारा
(D) जयप्रकाश नारायण द्वारा

99. 'मयस्सर' शब्द का अर्थ क्या है ?

(A) उपलब्ध
(B) दिक्कत
(C) परेशानी
(D) उलझन

100. निम्न में से किस लेखक ने व्यंग्य के माध्यम से चिकित्सा पद्धतियों के विरोधाभासों को सफलतापूर्वक उभारा है ?

(A) प्रेमचन्द ने
(B) बेढब बनारसी ने
(C) वंशीधर श्रीवास्तव ने
(D) आचार्य शिवपूजन सहाय ने



BiharboardQuestionpaper.com

## खण्ड - ब

## विषयनिष्ठ प्रश्न

1. निम्नलिखित गद्यांशों में से किसी **एक** गद्यांश को पढ़कर नीचे दिये गये प्रश्नों के उत्तर दें । प्रत्येक प्रश्न दो अंकों का है : $5 \times 2 = 10$

(क) आज की भारतीय शिक्षित नारी को गृहिणी के रूप में ही देख पाना पुरुषों की एकांगी दृष्टि का परिणाम है । विवाह के बाद बदली हुई उनकी मनःस्थिति तथा परिस्थितियों की कठिनाइयों पर ध्यान नहीं दिया जाता । उसकी रुचियों और भावनाओं की उपेक्षा की जाती है । पुरुष यदि अपने सुख के साथ पत्नी के सुख का भी ध्यान रखे, तो नारी अच्छी गृहणी हो सकती है । पत्नी और पति दोनों का कर्त्तव्य है कि वे एक दूसरे के कार्य में हाथ बँटाएँ और एक दूसरे की भावनाओं, इच्छाओं और रुचियों का ध्यान रखें । नारी की भी अपनी जरूरतें हैं और वह भी परिवार, पड़ोस तथा समाज में सम्मान पाना चाहती है । यदि नारी त्याग की मूर्ति है, तो पुरुष को बलिदानी होना चाहिए ।

(i) किसकी रुचियों और भावनाओं की उपेक्षा की जाती है ?

(ii) पुरुष को अपने सुख के साथ किसके सुख का ध्यान रखना चाहिए ?

(iii) सुखी वैवाहिक जीवन के लिए पत्नी और पति को किन-किन बातों का ध्यान रखना चाहिए ?

(iv) पुरुष को क्या होना चाहिए ?

(v) पुरुषों की एकांगी दृष्टि का परिणाम क्या है ?



BiharboardQuestionpaper.com

(ख) प्रणाम का भारतीय संस्कृति में बड़ा महत्त्व है । यह अपने से बड़े, श्रद्धेय तथा आदरणीय जनों के प्रति आत्मीयता का प्रतीक है । माता-पिता के अतिरिक्त समाज के सभी वृद्धजनों, अतिथियों, साधु-संतों को अपनी परंपरा के अनुसार प्रणाम करना मानव-धर्म है । प्रणाम के संबंध में मनु की मान्यता है कि वृद्ध जनों व माता-पिता को जो नित्य सेवा और प्रणाम से प्रसन्न रखता है, उसकी आयु, विद्या, यश और बल चारों की वृद्धि होती है । प्रणाम के बल पर ही बालक मार्कंडेय ने सप्तर्षियों से चिरंजीवी होने का वरदान प्राप्त किया था ।

(i) प्रणाम किसका प्रतीक है ?

(ii) प्रणाम करनेवाले को क्या प्राप्त होती है ?

(iii) बालक मार्कंडेय को चिरंजीवी होने का वरदान किसने दिया था ?

(iv) भारतीय संस्कृति में किसका बड़ा महत्त्व है ?

(v) क्या करना मानव धर्म है ?



BiharboardQuestionpaper.com

2. निम्नलिखित गद्यांशों में से किसी **एक** गद्यांश को पढ़कर नीचे दिए गये प्रश्नों के उत्तर दें । प्रत्येक प्रश्न दो अंकों का होगा । $5 \times 2 = 10$

(क) फणीश्वर नाथ 'रेणु' हिन्दी के प्रथम आंचलिक उपन्यासकार हैं । उन्होंने अंचल विशेष को अपनी रचनाओं का आधार बनाकर वहाँ के जीवन और वातावरण का सजीव अंकन किया है । 'रेणु' जी की रचनाओं में अनूठी संवेदनशीलता मिलती है । सन् 1954 में उनका बहुचर्चित आंचलिक उपन्यास 'मैला आँचल' प्रकाशित हुआ, जिसने हिन्दी उपन्यास को एक नई दिशा दी । हिन्दी जगत में आंचलिक उपन्यासों पर विमर्श 'मैला आँचल' से ही प्रारम्भ हुआ । आंचलिकता की इस अवधारणा में उपन्यासों और कथा-साहित्य में गाँव की भाषा-संस्कृति और वहाँ के लोकजीवन को केन्द्र में ला खड़ा किया ।

(i) फणीश्वर नाथ 'रेणु' कैसे उपन्यासकार हैं ?

(ii) 'रेणु' जी ने अपनी रचनाओं का आधार किसे बनाया ?

(iii) उपन्यास 'मैला आँचल' कब प्रकाशित हुआ ?

(iv) आंचलिक उपन्यासों पर विमर्श किस उपन्यास से प्रारम्भ हुआ ?

(v) रेणुजी की रचनाओं में क्या मिलती है ?



BiharboardQuestionpaper.com

(ख) मैथिलीशरण गुप्त का जन्म 3 अगस्त 1886 ई० को चिरगाँव, उत्तर प्रदेश में हुआ था । ये हिन्दी के प्रसिद्ध कवि थे । हिन्दी साहित्य के इतिहास में वे खड़ी बोली के प्रथम महत्त्वपूर्ण कवि हैं । उन्हें साहित्य जगत में 'दद्दा' नाम से सम्बोधित किया जाता था । उनकी कृति भारत-भारती 1912 ई० में प्रकाशित हुई । भारत के स्वतंत्रता संग्राम के समय गुप्तजी की ये रचना काफी प्रभावशाली सिद्ध हुई थी और इसी कारण महात्मा गाँधी ने उन्हें राष्ट्रकवि की पदवी भी दी थी । गुप्तजी की जयन्ती 3 अगस्त को हर वर्ष 'कवि दिवस' के रूप में मनाया जाता है । सन् 1954 में भारत सरकार ने उन्हें पद्मभूषण से सम्मानित किया ।

(i) मैथिलीशरण गुप्त का जन्म कब हुआ था ?

(ii) गुप्तजी कहाँ के रहनेवाले थे ?

(iii) 'दद्दा' के नाम से किसे संबोधित किया जाता था ?

(iv) गुप्तजी की जयन्ती किस दिवस के रूप में मनाया जाता है ?

(v) मैथिलीशरण गुप्त की रचना 'भारत-भारती' कब प्रकाशित हुई ?



BiharboardQuestionpaper.com

3. निम्नलिखित में से किसी **एक** विषय पर दिए गए संकेत-बिन्दुओं के आधार पर लगभग **250 - 300** शब्दों में निबंध लिखें : 1 × 10 = 10

(क) भारत का राष्ट्रीय खेल

- (i) भूमिका
- (ii) खेल के नियम
- (iii) तैयारी
- (iv) उपसंहार ।

(ख) हमारी ग्रामीण समस्याएँ

- (i) भूमिका
- (ii) स्वरूप
- (iii) कारण
- (iv) निवारण
- (v) उपसंहार ।

(ग) इंटरनेट

- (i) भूमिका
- (ii) उपयोगिता
- (iii) वर्तमान स्थिति
- (iv) हानि
- (v) निष्कर्ष ।

BiharboardQuestionpaper.com

बिहार बोर्ड के नए और पुराने ऑफिसियल क्वेश्चन पेपर, मॉडल पेपर, आंसर-की, पाठ्यक्रम, नोट्स, मॉक टेस्ट, सेंट-अप और प्रैक्टिकल परीक्षा प्रश्न पत्र आदि के लिए...

BiharboardQuestionpaper.com

अभी विजिट करें ..



BiharboardQuestionpaper.com

(घ) बाढ़

(i) भूमिका

(ii) कारण

(iii) परेशानी एवं क्षति

(iv) समाधान

(v) निष्कर्ष ।

(ङ) दुर्गा पूजा

(i) भूमिका

(ii) ऐतिहासिक पृष्ठभूमि

(iii) महत्त्व

(iv) तैयारी

(v) निष्कर्ष ।

4. अपना इलाज कराने हेतु छुट्टी लेने के लिए प्रधानाध्यापक के पास एक आवेदन पत्र लिखें । 5

**अथवा**

बाढ़ की समस्या पर दो छात्रों के बीच के संवाद को लिखें ।



BiharboardQuestionpaper.com

5. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **पाँच** प्रश्नों के उत्तर प्रत्येक का लगभग **20 - 30** शब्दों में दें । प्रत्येक प्रश्न दो अंकों का है : $5 \times 2 = 10$

(क) हामिद मिठाई या खिलौने के बदले चिमटे का चयन करता है । क्यों ?

(ख) बालगोबिन भगत ने पतोहू से बेटे को आग क्यों दिलाई ?

(ग) हुंडरू का झरना कैसे बना है ?

(घ) गाँव के किसान सिरचन को क्या समझते थे ?

(ङ) 'बच्चे की दुआ' शीर्षक कविता के रचयिता कौन हैं ? यह किस प्रकार की कविता है ?

(च) 'ईर्ष्या : तू न गई मेरे मन से' शीर्षक पाठ के वकील साहब सुखी क्यों नहीं हैं ?

(छ) कबीर किस काल के कवि थे ? उन्होंने किस पर करारा प्रहार किया है ?

(ज) कैसा वातावरण मिलने पर बुलबुल पंछी गाने लगती है ?

(झ) 'तू जिन्दा है तो .........' शीर्षक कविता क्या प्रकट करती है ?

(ञ) संजू कैसी लड़की थी ? उसे किस चीज का शौक था ?



BiharboardQuestionpaper.com

6. निम्नलिखित प्रश्नों में से किसी **एक** का उत्तर लगभग 100 शब्दों में दें : 1 × 5 = 5

(क) निम्न पंक्ति का भाव स्पष्ट कीजिए :

"धन उनके पास अतिथि के समान अल्पावधि तक ही टिकने आता था ।"

(ख) "मोको कहाँ ढूंढ़े बंदे, मैं तो तेरे पास में ।"

BiharboardQuestionpaper.com

बिहार बोर्ड के नए और पुराने ऑफिसियल क्वेश्चन पेपर, मॉडल पेपर, आंसर-की, पाठ्यक्रम, नोट्स, मॉक टेस्ट, सेंट-अप और प्रैक्टिकल परीक्षा प्रश्न पत्र आदि के लिए...

BiharboardQuestionpaper.com

अभी विजिट करें ..



BiharboardQuestionpaper.com